# Chapter 8 शाम – एक किसान

## सार-आधारित प्रश्न Extract Based Questions

सार–आधारित प्रश्न बहुविकल्पीय किस्म के होते हैं, और छात्रों को पैसेज को ध्यान से पढ़कर प्रत्येक प्रश्न के लिए सही विकल्प का चयन करना चाहिए। ***(Extract-based questions are of the multiple-choice variety, and*** ***<u>students must select the correct option for each question</u> by carefully reading the passage.)***

**1)**

आकाश का साफ़ा बाँधकर
सूरज की चिलम खींचता
बैठा है पहाड़,
घुटनों पर पड़ी है नदी चादर-सी,
पास ही दहक रही है
पलाश के जंगल की अँगीठी
अंधकार दूर पूर्व में
सिमटा बैठा है भेड़ों के गल्ले-सा।

प्रश्न **1.** उपर्युक्त पद्यांश के पाठ के लेखक का नाम बताइए।
(क) नागार्जुन
(ख) मीरा बाई
(ग) यतीश अग्रवाल
(घ) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
उतर – (घ) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

प्रश्न **2.** शाम के समय पहाड़ किसके समान दिखता है**?**
(क) बैठे हुए किसान की तरह
(ख) सोए हुए इंसान की तरह
(ग) आकाश की तरह
(घ) उपर्युक्त सभी
उतर – (क) बैठे हुए किसान की तरह

प्रश्न **3.** 'चिलम' शब्द का सही अर्थ क्या है**?**
(क) हुक्के को बंद करने वाली वस्तु
(ख) हुक्के के ऊपर रखने वाली वस्तु
(ग) हुक्के को खोलने वाली वस्तु

(घ) इनमें से कोई नहीं

उतर – (ख) हुक्के के ऊपर रखने वाली वस्तु

प्रश्न 4. जंगल में खिले पलाश के फूल किसके समान दिखते है?

(क) उगते हुए सूर्य की किरण की तरह

(ख) सूर्य की लालिमा की तरह

(ग) जलती अँगीठी की तरह

(घ) इनमें से कोई नहीं

उतर – (ग) जलती अँगीठी की तरह

प्रश्न 5. 'गल्ले-सा' शब्द का सही अर्थ क्या है?

(क) समूह के समान

(ख) गाली के समान

(ग) गाल के समान

(घ) इनमें से कोई नहीं

उतर – (क) समूह के समान

2)

अचानक – बोला मोर।
जैसे किसी ने आवाज़ दी-
'सुनते हो'।
चिलम औंधी
धुआँ उठा-
सूरज डूबा
अंधेरा छा गया।

प्रश्न 1. उपर्युक्त पद्यांश के पाठ का नाम बताइए।

(क) एक तिनका

(ख) कंचा

(ग) शाम – एक किसान

(घ) धनराज

उतर – (ग) शाम – एक किसान

प्रश्न 2. चारों तरफ छाई शांति के बीच अचानक कौन बोल पड़ा?

(क) मोर

(ख) किसान

(ग) नदी

(घ) कौआ

उतर – (क) मोर

प्रश्न **3.** ‘चिलम औंधी होना’ किसका प्रतीक है**?**
(क) सूरज के निकलने का
(ख) शाम के होने के
(ग) सूरज के चमकने का
(घ) सूरज के डूबने का
उत्तर **–** (घ) सूरज के डूबने का
प्रश्न **4.** इस कविता में किस शाम का वर्णन है।
(क) गर्मी की शाम
(ख) जाड़े की शाम
(ग) बरसात की शाम
(घ) इनमें से कोई नहीं
उत्तर **–** (ख) जाड़े की शाम

## बहुविकल्पीय प्रश्न और उत्तर (Multiple Choice Questions)

बहुविकल्पीय प्रश्न **(MCQs)** एक प्रकार का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन है जिसमें एक व्यक्ति को उपलब्ध विकल्पों की सूची में से एक या अधिक सही उत्तर चुनने के लिए कहा जाता है। एक एमसीक्यू कई संभावित उत्तरों के साथ एक प्रश्न प्रस्तुत करता है।

प्रश्न **1.** ‘शाम **–** एक किसान’ कविता के लेखक कौन हैं**?**
(क) विजय तेंदुलकर
(ख) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
(ग) शिव प्रसाद सिंह
(घ) भानु प्रताप
उत्तर **–** (ख) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
प्रश्न **2.** पहाड़ किसका साफ़ा बाधा हुआ है**?**
(क) आकाश का
(ख) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
(ग) शिव प्रसाद सिंह
(घ) भानु प्रताप
उत्तर **–** (क) आकाश का
प्रश्न **3.** कवि ने पहाड़ को किस रूप में दिखाया है**?**
(क) आकाश के रूप में
(ख) पेड़ों के रूप में
(ग) किसान के रूप में

(घ) नदियों के रूप में

उत्तर – (ग) किसान के रूप में

प्रश्न 4. 'पलाश' शब्द का क्या अर्थ है?

(क) एक प्रकार का जंगली वृक्ष जिस पर हरे रंग के फूल लगते है।

(ख) एक प्रकार का जंगली वृक्ष जिस पर नीले रंग के फूल लगते है।

(ग) एक प्रकार का जंगली वृक्ष जिस पर पीले रंग के फूल लगते है।

(घ) एक प्रकार का जंगली वृक्ष जिस पर लाल रंग के फूल लगते है।

उत्तर – (घ) एक प्रकार का जंगली वृक्ष जिस पर लाल रंग के फूल लगते है।

प्रश्न 5. ये कविता किसके ऊपर क्रेदित है?

(क) प्रकृति के ऊपर

(ख) नदी के ऊपर

(ग) आकाश के ऊपर

(घ) इनमें से कोई नही

उत्तर – (क) प्रकृति के ऊपर

प्रश्न 6. नदी किस प्रकार की लग रही है?

(क) रेल-सी

(ख) बिजली-सी

(ग) जंजीर-सी

(घ) चादर-सी

उत्तर – (घ) चादर-सी

प्रश्न 7. रिक्त स्थान को पूरा करो- "घुटनों पर पड़ी है _____ चादर – सी"।

(क) जमीन

(ख) पहाड़

(ग) नदी

(घ) इनमें से कोई नही

उत्तर – (ग) नदी

प्रश्न 8. 'साफ़ा' शब्द का क्या अर्थ है?

(क) पगड़ी

(ख) चादर

(ग) सोफा

(घ) सफाई

उत्तर – (क) पगड़ी

प्रश्न 9. भेड़ों के झुंड-सा अंधकार कहां बैठा है?

(क) दक्षिण में

(ख) उतर में

(ग) पूरब में

(घ) पश्चिम में

उत्तर – (ग) पूरब में

प्रश्न 10. पलाश के फूल कैसे लग रहा है?

(क) सूरज की तरह

(ख) सुलगती अँगीठी की तरह

(ग) जलती बल्ब की तरह

(घ) चांद की तरह

उत्तर – (ख) सुलगती अँगीठी की तरह

प्रश्न 11. सूरज के डूबते ही क्या हुआ?

(क) चारों तरफ अंधेरा छाने लगा

(ख) चारों तरफ प्रकाश फैलने लगा

(ग) चारों तरफ चहल पहल होने लगी

(घ) इनमें से कोई नहीं

उत्तर – (क) चारों तरफ अंधेरा छाने लगा

प्रश्न 12. मानो किसी ने आवाज लगाई '____' ?

(क) ओ भइया

(ख) बोलते हो

(ग) सुनते हो

(घ) उपर्युक्त सभी

उत्तर – (ग) सुनते हो

प्रश्न 13. शाम का ढलना कैसा ऐसा लग रहा था?

(क) जैसे आकाश उल्टी हो गई हो

(ख) जैसे चिलम उल्टी हो गई हो

(ग) जैसे समय घूम गई हो गई हो

(घ) इनमें कोई नही

उत्तर – (ख) जैसे चिलम उल्टी हो गई हो

प्रश्न 14. दूर पूर्व दिशा में पसरा हुआ अँधेरा कैसा महसूस हो रहा था?

(क) जैसे भेड़ों का समूह दुबक के बैठा हो।

(ख) जैसे भैसों का समूह दुबक के बैठा हो।

(ग) जैसे पक्षियों का समूह दुबक के बैठा हो।

(घ) जैसे जानवरों का समूह दुबक के बैठा हो।

उत्तर – (क) जैसे भेड़ों का समूह दुबक के बैठा हो।

प्रश्न 15. घुटनों तक किसी चादर को कौन ओड़ा हुआ है?

(क) पलाश के पेड़ ने

(ख) नदी ने

(ग) आकाश ने

(घ) पहाड़ ने

उत्तर – (घ) पहाड़ ने

प्रश्न **16.** “सिमटा बैठा है _____ गल्ले -सा।” रिक्त स्थान को पूरा करो।

(क) पैसो के

(ख) भेड़ों के

(ग) पेड़ों के

(घ) इनमें से कोई नही

उत्तर – (ख) भेड़ों के

प्रश्न **17.** कविता में किस वस्तु को औंधी हुई दिखाया गया है**?**

(क) रेल

(ख) चिलम

(ग) टोकरी

(घ) सुरज

उत्तर – (ख) चिलम

प्रश्न और उत्तर Questions Answers

कविता से

प्रश्न **1.** इस कविता में शाम के दृश्य को किसान के रूप में दिखाया गया है – यह एक रूपक है। इसे बनाने के लिए पाँच एकरूपताओं की जोड़ी बनाई गई है। उन्हें उपमा कहते हैं। पहली एकरूपता आकाश और साफ़े में दिखाते हुए कविता में ‘आकाश का साफ़ा’ वाक्यांश आया है। इसी तरह तीसरी एकरूपता नदी और चादर में दिखाई गई है, मानो नदी चादर – सी हो। अब आप दूसरी, चौथी और पाँचवीं एकरूपताओं को खोजकर लिखिए।

उत्तर – जिस प्रकार पहली एकरूपता आकाश और साफ़े में दिखाई गई है वैसे ही,

दूसरी एकरूपता – चिलम सूरज – सी में

तीसरी एकरूपता – नदी और चादर में

चौथी एकरूपता – पलाश के जंगल की अंगीठी में

पाँचवी एकरूपता – अंधकार भेड़ों के गल्ले-सा में

प्रश्न **2.** शाम का दृश्य अपने घर की छत या खिड़की से देखकर बताइए –

(क) शाम कब से शुरू हुई **?**

(ख) तब से लेकर सूरज डूबने में कितना समय लगा **?**

(ग) इस बीच आसमान में क्या – क्या परिवर्तन आए **?**

उत्तर – शाम में घर की छत या खिड़की से शाम का दृश्य देखने पर पता चला है कि

(क) सूरज के पश्चिम दिशा की ओर बढ़ने के साथ ही शाम की शुरुआत हो जाती है, लगभग पाँच बजे हमें शाम महसूस होने लग जाती है।

(ख) फिर उसके बाद सूरज को पूरी तरह डूबने में लगभग एक से डेढ़ घंटे का समय लग जाता है।

(ग) जैसे – जैसे सूरज पश्चिम की तरफ जाने लगा, आसमान के रंग में बदलाव देखने को मिला। पहले वो नीले रंग से, हल्का पीला हुआ और फिर चारों तरफ लालिमा छा गयी। फिर धीरे – धीरे हर ओर अंधेरा छा गया।